तापमान
अधिकतम 33 .2 डिग्री
न्यूनतम 13 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 4 मार्च 2026



11 युवाओं को सकारात्मक दिशा देती हैं, खेल स्पर्धाएं





12 शिविर में 310 बच्चों के दांतों की चिकित्सकों ने की जांच




## खबर संक्षेप

### जंगल से लाखों रुपये की खैर की लकड़ी चोरी

**यमुनानगर।** गांव मुजाफत कलां के जंगल से खैर तस्करों ने दो लाख 60 हजार रुपए की खैर की लकड़ी काटकर चोरी कर ली। वन्य जीव निरीक्षक लीलू राम ने पुलिस शिकायत में बताया कि गांव मुजाफत कलां के जंगल में खैर के पेड़ लगे हुए हैं। उसे दो मार्च को सूचना मिली थी कि मुजाफत कलां के जंगल से खैर तस्करों ने खैर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की तो जंगल से खैर के पेड़ कटे मिले। जिनकी कीमत करीब दो लाख 60 हजार रुपये है। जांच के दौरान उसे पता चला कि यह खैर के पेड़ गांव जट्टावाला निवासी रियासत अली, गांव खिल्लेवाला निवासी मुंशी, आशिक, सलीम व गांव जट्टावाला निवासी जुबेर ने काटकर चोरी किए हैं। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### पुलिस पार्टी पर हमला पांच के खिलाफ केस

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र के गांव झिंझरों में पुलिस पार्टी का रास्ता रोककर हमला करने के आरोप में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों पर सरकारी काम में थाना छप्पर में तैनात एएसआई जुल्फकार अली ने बताया कि दो मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे वह टीम के साथ गांव झिंझरों में शिकायत पर पहुंचे थे। इस दौरान गांव के ही सुभाष, जसबीर, सुरेंद्र, सुनीता व निशा ने पुलिस पार्टी का रास्ता रोककर उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने सरकारी काम में बाधा भी डाली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# एचएसजीपीसी ने पिछले कार्यों को किया सर्वसम्मति से पास

## हरियाणा सिख गुरुद्वारा ज्यूडिशियल कमिशन बजट को दे मंजूरी: झींडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की कार्यकारिणी समिति की बैठक संस्था के मुख्य दफ्तर में हुई। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी कुरुक्षेत्र के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा के नेतृत्व में हुई इस बैठक में पिछले कार्यों पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी कुरुक्षेत्र के प्रधान जत्थेदार जगदीश झींडा ने बताया कि आज की बैठक में पिछले सभी कार्यों को कर कार्य कार्यकारिणी समिति द्वारा मंजूरी दी गई है। कुछ अहम प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए मेंबर साहिबान ने स्वीकृति की मोहर लगाई है। प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा ज्यूडिशियल कमिशन से संस्था का बजट पास करने की अपील भी की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा कमेटी के कार्य बजट की वजह से प्रभावित न हो, इसलिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा ज्यूडिशियल कमिशन को संस्था का बजट पास कर देना चाहिए।



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस दौरान महासचिव हरजीत सिंह रानियां, संयुक्त सचिव बलविंदर सिंह भिंडर, कार्यकारिणी समिति जत्थेदार करनैल सिंह निम्नाबाद, मेंबर पलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह मुल्तानी, रुपिंदर सिंह और चीफ सेक्रेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सेक्रेटरी राजपाल सिंह दुनिया माजरा, नरेंद्र सिंह, धर्म प्रचार उप सचिव अमरिंदर सिंह भी मौजूद थे। जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा के साथ हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के मैंबर इंद्रजीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, कुलदीप सिंह फग्गू, बलविंदर सिंह खालसा, मोहनजीत सिंह पानीपत, मेजर सिंह, गुरमेज सिंह, सुखदेव सिंह और पीए शमशेर सिंह आदि ने गुरु घर के प्रबंध को लेकर विचार विमर्श भी किया।

### सीएम ने अग्निवीरों को हरियाणा पुलिस में 20 प्रतिशत आरक्षण की दी बड़ी सौगात : बेदी

*कुरुक्षेत्र। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट में युवाओं के लिए बड़ी सौगात को शामिल करते हुए अग्नि वीरों को हरियाणा पुलिस के विभिन्न पदों पर नियुक्तियों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण तय किया है। इससे प्रदेश की पुलिस में योग्य व सक्षम युवाओं की एंट्री होगी। करीब 20 हजार से अधिक ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र व सोनीपत में 241 करोड़ रुपए की लागत से हब एंड स्पोक आईटीआई क्लस्टर बनाया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी मंगलवार को भाजपा कार्यालय कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 2026-27 के लिए 2 लाख 23 हजार 658 करोड़ 17 लाख रुपए का बजट प्रस्तुत किया है, जो पिछले वर्ष से 10.28 प्रतिशत अधिक है। बजट प्रस्तुत करने से पहले मुख्यमंत्री ने 13 बैठक अलग-अलग वर्ग के साथ की थी। उन सुझावों को बजट में शामिल करके पेश किया गया और इसमें हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए जनता को समर्पित किया गया। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में नगर निकायों की भूमि पर रिहायशी कब्जाधारियों को कानूनी मालिकाना हक देने के लिए एक नीति बनाई जाएगी। मीडिया कर्मियों को आपात स्थिति में दी जाने वाली आर्थिक सहायता की अधिकतम सीमा को 2.50 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए किया जाएगा।*



### पार्टी नेतृत्व गुटबाजी या अनुशासनहीनता को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा : मलिक

**कुरुक्षेत्र।** जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन धर्मपाल सिंह मलिक ने कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है और संगठन की मजबूती के लिए अनुशासन का पालन अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी नेतृत्व किसी भी प्रकार की गुटबाजी या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं करेगा। अनुशासन समिति का उद्देश्य संगठन को मजबूत, सक्रिय और जवाबदेह बनाना है। उन्होंने बताया कि समिति के पास कई क्षेत्रों से विवादों के कई मामले आए थे जिनको पहले नोटिस दिए गए थे उसके बाद उनके मनमुटाव को दूर किया गया और सभी विवादों ओर आपसी मनमुटावों को सुलझाया गया है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रेस वार्ता में अनुशासन समिति सदस्य पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, पूर्व विधायक अनिल धतोडी एवं समिति सचिव रोहित जैन उपस्थित रहे। धर्मपाल मलिक ने कहा कि कांग्रेस एक विचारधारा पर आधारित पार्टी है, जिसकी जड़ें जनता के बीच गहरी हैं। कार्यकतार्ओं को चाहिए कि वे पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं।

### भाकियू ने सचिवालय पर किया प्रदर्शन 6 मार्च को ट्रैक्टर परेड की चेतावनी



**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने अपनी मांगों को लेकर जिला सचिवालय में जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने चेतावनी दी कि यदि 6 मार्च से पहले समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो ट्रैक्टर परेड निकाली जाएगी। वरिष्ठ चेयरमैन यशपाल राणा और जिला चेयरमैन साहब सिंह बाजवा की अध्यक्षता में किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। गांव सोहाना के समीप निर्माणाधीन करनाल रिंग रोड के दोनों ओर सर्विस लेन न बनने के विरोध में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना पिछले एक महीने से जारी है। किसानों का आरोप है कि जिला प्रशासन और एनएचएआई अधिकारियों ने पूर्व समझौते के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं किया। रतनमान ने कहा कि 22 मार्च 2024 और 26 मई 2025 को एसडीएम कार्यालय में हुए लिखित समझौते के अनुसार सर्विस लेन निर्माण का आश्वासन दिया गया था। यदि शीघ्र कार्य शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर बाबू राम डाबरथला, सुरेंद्र सांगवान, राजकुमार नौतना, अनिल गुर्जर दिलावरा, रविंद्र मंगलौरा, बबलू सोहाना, कविन्द्र, दीपक सोहाना सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### दुकान में घुसकर किया दुकानदार को घायल

**यमुनानगर।** गांव किशनपुरा दामला में अज्ञात हमलावरों ने दुकान में घुसकर धोड़ंग निवासी प्रदीप कुमार पर लोहे की रॉड व तलवारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। गांव धोड़ंग निवासी प्रदीप कुमार ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव किशनपुरा दामला में दुकान है। दो मार्च को शाम साढ़े पांच बजे वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था। उसकी दुकान पर कुछ युवक आए। आरोपियों ने उसे पर लोहे की रॉड व तलवारों से हमला कर दिया।।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर जब अन्य दुकानदार मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।



















## खबर संक्षेप

### युवक ने महिला के साथ रास्ते में की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने रास्ते में जा रही युवती को रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर की एक कालोनी निवासी 38 वर्षीय महिला ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि साहिल नाम का युवक उसे काफी दिन से परेशान कर रहा था। महिला ने बताया कि 30 जनवरी को वह कॉलोनी में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान आरोपी साहिल ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। आरोपी ने सुनसान स्थान पर जाकर उसे रोक लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। उसके विरोध करने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गया।

### बुराई पर अच्छाई का त्यौहार है होली : कौर

**रादौर।** मून स्टार प्री स्कूल रादौर में मंगलवार को होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। मौके पर विद्यार्थियों ने एक दूसरे को रंग लगाया और होली की एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में मौजूद विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रसमीन कौर ने विद्यार्थियों को बताया कि होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत, प्रेम, भाईचारे का प्रतीक है। इसे खुशियों और रंगों का त्यौहार भी कहा जाता है। इस त्यौहार के साथ दो मुख्य कथाएं प्रहलाद, होलिका की व श्री कृष्णा में राधा जी ने वृंदावन में पहली बार रंगों की होली खेली थी के बारे में भी बच्चों को बताया। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर रितु देवी ने बच्चों को होली की बधाई दी। इस अवसर पर नीतू, सोनिया, निशा, उमा, अनु, शिवानी, सिमरन, मीनू, बबीता रानी, शिवम कृष्ण आदि मौजूद रहे।

## मेयर ने हुड्डा सेक्टर 17 और भाटली में विकास कार्यों का किया शिलान्यास

# बिटुमिन सामग्री से किया जाएगा सड़कों का निर्माण: सुमन बहमनी

**मेयर सुमन बहमनी ने विकास कार्यों में अच्छी गुणवत्ता वाली सामग्री का प्रयोग करने के लिए दिए दिशा निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** विकास कार्यों के शिलान्यास के दौरान मेयर सुमन बहमनी का स्वागत करते हुए स्थानीय नागरिक। *फोटो : हरिभूमि*

ट्विन सिटी में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में नगर निगम अनेक कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में मेयर सुमन बहमनी ने जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 में एक करोड़ 62 लाख 45 हजार की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य किए जाने और वार्ड एक के भाटली में करीब 48 लाख की लागत से सामुदायिक केंद्र का नवीनीकरण किए जाने का शिलान्यास किया। मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व पार्षद प्रियंक शर्मा मौजूद रही।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 में विभिन्न सड़कों का निर्माण बिटुमिन सामग्री से किया जाएगा। इन सड़कों के निर्माण से न केवल यातायात व्यवस्था सुचारू होगीए बल्कि आसपास के रिहायशी क्षेत्रों की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि इसी तरह वार्ड नंबर एक के भाटली क्षेत्र में लगभग 48 लाख रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त सामुदायिक केंद्र का नवीनीकरण किया जाएगा। यह भवन स्थानीय निवासियों के लिए विवाह, सामाजिक समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बैठकें और अन्य सार्वजनिक गतिविधियों के आयोजन के लिए उपयोगी होगा। इन परियोजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम शहर के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, सामुदायिक भवन, पार्क, स्ट्रीट लाइट और स्वच्छता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शहर में विकास कार्य त्वतरित आधार पर किए जा रहे है। मौके पर मार्केट कमेटी जगाधरी के चेयरमैन विपुल गर्ग, भाजपा मंडल अध्यक्ष जोन राणा, धर्मचंद बिंदल, विपिन गर्ग, श्रीकांत शर्मा व नकुल गोयल आदि मौजूद रहें।


### गुणवत्ता व पारदर्शिता से हो विकास कार्य

उन्होंने निर्माण एजेंसियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता मानकों के अनुसार और निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने कहा कि मजबूत सड़क नेटवर्क और सामुदायिक सुविधाएं किसी भी शहर के विकास की रीढ़ होती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य आने वाले समय में जगाधरी को एक बेहतर और सुव्यवस्थित शहर के रूप में स्थापित करने में सहायक होंगे। पूर्व विधायक बलवंत सिंह कहा कि भाटली में सामुदायिक केंद्र की नवीनीकरण से हजारों लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित को ध्यान में रखकर हर शहर व गांवों में विकास कार्य करवा रही है। नया हरियाणा व नया यमुनानगर बनाने की दिशा में बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। जल्द ही हमारे प्रदेश का स्वरूप बदलेगा।

## गांव किशनपुरा में कृषि कॉलेज के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दी मंजूरी : कंवरपाल गुर्जर



**यमुनानगर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर के प्रयासों से गांव किशनपुरा में कृषि कालेज की जमीन को मंजूरी मिल गई है। इसी एवज में मंलवार को गांव किशनपुरा के सरपंच व अन्य ग्रामीणों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर का धन्यवाद व्यक्त किया।किशनपुरा में कृषि कॉलेज के बनने से आस पास के क्षेत्र के लोगों को कृषि सम्बन्धी पाठ्यक्रम यहां पर उपलब्ध रहेगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा सरकार के सौजन्य से लगातार विकास कार्य करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाल ही में जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणंचल में कृषि कॉलेज खोलने की घोषणा की थी उसी विषय को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार ने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव किशनपुरा पंचायत की 45 एकड़ जमीन लीज पर लेने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि गांव किशनपुरा की जमीन पर बनने वाला यह कालेज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि यूनिवर्सिटी हिसार के अंतर्गत बनेगा जिससे पूरा जिला यमुनानगर व आस पास के जिलो के हजारों युवाओं को लाभ होगा।




### डोर टू डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था होगी सुदृढ़: कुमार



**यमुनानगर।** नगर निगम यमुनानगर द्वारा सफाई मित्रों के लिए जगाधरी अनाज मंडी में सफाई मित्र सम्मान एवं क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निगम के अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने की। मौके पर मेयर सुमन बहमनी ने विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाग लिया। इस दौरान सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अभिश्रूति,सफाई निरीक्षक अमित कांबोज, सुशील शर्मा, प्रदीप दहिया, बिट्टू सिंह, अजीत सिंह, सतबीर, स्वच्छ भारत मिशन शहरी के आईईसी विशेषज्ञ दुर्गेश कुमार व आकाश कुमार आदि मौजूद रहे।



### डीसी ने किया प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निरीक्षण

**यमुनानगर।** जिला उपायुक्त प्रीति ने गांव धौड़ंग ब्लॉक जगाधरी में स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निरीक्षण किया। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, मुकेश, स्वच्छ भारत ब्लॉक समन्वयक व पंचायत सरपंच रिम्पी के प्रयासों से सरकार ने उक्त मशीनें उपलब्ध कराईं। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि इन मशीनों के द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट का रिसाइकिल करके सडक निर्माण, जूता निर्माण और पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक बैग जैसे उद्योगों को सप्लाई किया जा सकेंगा। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम करें। प्लास्टिक का कचरा बनना ही नहीं चाहिए।

### बुजुर्गों ने गुलाल लगाकर मनाया होली का पर्व

**यमुनानगर।** सीनियर सिटीजन एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को शहर के ग्रीन पार्क में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बुजुर्गों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। एसोसिएशन के विनोद सेठी, जगदीश, मित्र दत्ता व सुरेंद्र आनंद ने बताया कि होली हमारी परंपरा और भाईचारे का प्रतीक है। ग्रीन पार्क कॉलोनी प्रधान दविंदर ने कहा कि यह त्योहार एक हिंदू पौराणिक कथा पर आधारित है इसका बहुत बड़ा सांस्कृतिक महत्व है।






## खबर संक्षेप



### अनाज मंडी एसोसिएशन ने मनाया होली पर्व

**शाहबाद।** अनाज मंडी एसोसिएशन द्वारा अनाज मंडी में होली का त्योहार अत्यंत उमंग व उल्लास के साथ मनाया गया। मंडी प्रधान स्वर्णजीत सिंह बिट्टू कालड़ा की अगुवाई में मंडी के तमाम आढ़तियों के निमंत्रण पर मंडी में होली पर्व मनाने भाजपा नेता सुभाष कलसाना विशेष रूप से पहुंचे। अनाज मंडी में पहुंचने पर आढ़तियों ने होली के मधुर गीतों की धुनों के बीच गुलाल लगाकर सुभाष कलसाना का स्वागत किया। आढ़तियों द्वारा भाजपा नेता के साथ खेले होली के रंगों में रंगा अनाज मंडी का वातावरण वास्तव में उत्सव के माहौल में बदला दिखाई दिया।

### बजट को जनता से छलावा बताया

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सुमित हिंदुस्तानी ने हरियाणा सरकार द्वारा पेश किए गए 2026-27 के बजट की कड़ी निंदा करते हुए इसे प्रदेश की जनता के साथ छलावा बताया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत 2.23 लाख करोड़ रुपये का यह बजट विकास के नाम पर सिर्फ जुमलों और दिखावे का संग्रह है, जिसमें किसानों, युवाओं, महिलाओं और स्वास्थ्य-शिक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्रों की घोर उपेक्षा की गई है।

### भागवत कथा करवाने को लेकर किया विचार

**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आयोजित होने वाली अनोखी संगीतमय श्री अग्र भागवत कथा की तैयारियां चल रही हैं। इस कथा के लिए अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के अन्य राज्यों से पदाधिकारी एवं सदस्य भी पहुंच रहे हैं। कथा की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक रेलवे रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में राष्ट्रीय संगठन सचिव खरैती लाल सिंगला की अध्यक्षता में हुई।

## होली पर रंगों से सराबोर होने के लिए जिला पूरी तरह से तैयार

# आज जमकर उड़ेगा गुलाल, पुलिस मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

होली पर रंगों से सराबोर होने के लिए जिला पूरी तरह से तैयार है। धर्मनगरी में आज जमकर गुलाल उड़ेगा। इसके साथ ही लोग एक दूसरे के गले मिलकर गिले-शिकवे दूर करेंगे। मंगलवार को बाजारों में जमकर रंगों और पिचकारियों की खरीदारी हुई। उधर, हुड़दंगियों पर नजर रखने के लिए पुलिस तैयार है। शांतिपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने के लिए जिलाभर में नाके लगेंगे। पुलिस अधीक्षक अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने होली के मौके पर जिलावासियों को शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही नागरिकों से अधिक सतर्क रहते हुए रंगों व खुशियों के पर्व होली को सुरक्षित एवं इको-फ्रेंडली तरीके से मनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने जिलावासियों, पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों सहित उनके परिवारों को होली पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आनन्द, उमंग, हर्ष, उल्लास और एकता का त्योहार है। उन्होंने कहा कि होली का पर्व लोगों के जीवन में नया रंग भर कर उन्हें समाज में प्रेम और सद्भाव से रहने के लिए प्रेरित करता है। होली के इस पर्व को इको-फ्रेंडली तरीके से मनाना एक बेहतरीन कदम होगा।


कुरुक्षेत्र। एक निजी होटल में होली मनाते डाक्टर।


कुरुक्षेत्र। मुख्यातिथि डा. अनुराग कौशल को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

### नेशनल इंटीग्रेटिड मेडिकल एसो. ने मनाया होली पर्व

**कुरुक्षेत्र।** नेशनल इंटिग्रेटिड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) कुरुक्षेत्र ने जीटी रोड पर स्थित एक निजी होटल में होली का पूर्व फूलों के साथ धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर जिले के डाक्टरों ने होली को पूर्ण उल्लास के साथ मनाया। नीमा के प्रधान डा. अशोक बंसल ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि आरोग्यम अस्पताल के संचालक डा. अनुराग कौशल का स्वागत किया तथा सभी को होली पर्व की बधाई दी। डा. अनुराग कौशल ने सभी को होली की बधाई दी और फूलों से होली खेलने की सलाह दी। मंच का संचालन डा. वंदना व डा. प्रवीण शर्मा ने किया। धन्वन्तरि वंदना डा. विमल शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर नीमा के कोषाध्यक्ष डा. मनीष गोयल, डा. मेनका, डा. मुवैना, डा. सुरेंद्र सहाय, डा. दर्शन सिंगला, डा. मदन खन्ना, डा. तुलसी सरदाना, डा. निखिल, डा. निखिल सिंगला, डा. सुरेश, डा. पवन वशिष्ठ, डा. दिनेश, डा. मीना सैनी सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे।

### केमिकल रंगों से त्वचा-आंखों को खतरा : डा. अनुराग

डा. अनुराग कौशल ने केमिकल रंगों के इस्तेमाल से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति आगाह किया है। बताया कि बाजार में उपलब्ध रासायनिक रंग त्वचा में जलन, एलर्जी और आंखों की कॉर्निया को नुकसान पहुंचा सकते हैं। डॉ. अुनराग कौशल ने लोगों को हर्बल गुलाल या फूलों से बने प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने की सलाह दी। डॉ. अनुराग कौशल ने विशेष रूप से चेतावनी दी कि त्वचा संबंधी बीमारियों या एलर्जी से पीड़ित लोगों को केमिकल रंगों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उनके अनुसार, ये रंग त्वचा में जलन और आंखों में लालपन पैदा कर सकते हैं, जिससे कॉर्निया को स्थायी क्षति होने का खतरा रहता है। विशेषज्ञों ने बताया कि सिंथेटिक रंगों में सीसा और पारा जैसे हानिकारक तत्व होते हैं, जो कंजंक्टिवाइटिस (आंखों का संक्रमण) या डमेर्टाइटिस (त्वचा की सूजन) का कारण बन सकते हैं। खानपान को लेकर भी डॉ. अनुराग कौशल ने महत्वपूर्ण सलाह दी।

### लाडवा रोड पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहबाद द्वारा एम्बिएंस रिजॉर्ट, लाडवा रोड पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सायं प्रारंभ हुए इस रंगारंग कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने परिवार सहित उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में ताजा फूलों की होली, लाइव बैंड म्यूजिक तथा आकर्षक पुरस्कारों के साथ तंबोला का आयोजन किया गया, जिसने सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया। पूरा वातावरण रंगों, संगीत और आपसी भाईचारे से सराबोर रहा। रोटरी क्लब के प्रधान रोटेरियन डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने अपने संदेश में कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सदस्यों के बीच पारिवारिक संबंधों को और मजबूत बनाते हैं। क्लब सदैव सामाजिक सेवा के साथ-साथ पारस्परिक मेल-जोल को भी प्राथमिकता देता है। प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन चंदर शेखर ने कहा कि होली मिलन समारोह का उद्देश्य सभी सदस्यों को एक मंच पर लाकर आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करना है।



### होली परंपरा और प्रसन्नता का त्योहार

**लाडवा।** होली पर्व पर बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाया। नाटक रूपांतरण द्वारा होली के पीछे की कहानी के दृश्य को दर्शाया गया। होली परंपरा, प्रसन्नता और भाईचारे की भावना का त्योहार है। इसके बाद सभी ने मिठाई खाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बच्चों को इको फ्रेंडली होली खेलने का संदेश दिया गया जिसमें ये बताया गया कि हमें केमिकल वाले रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि ये रंग हमारे आंखों और बॉडी को नुक्सान पहुंचाते हैं। इस मौके पर यह संदेश दिया गया कि हमें फूलों की होली खेलनी चाहिए और पानी का कम से कम इस्तेमाल करना चाहिए। समापन के दौरान सभी ने एक दूसरे को रंग लगाया और होली की बधाई एक बार फिर दी। भारत में होली का त्योहार दो दिनों तक मनाया जाता है। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य विम्मी तनेजा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर स्कूल की कोर्डिनेटर प्रभा ,मुस्कान मग्गो,गीता,शिवानी,वर्षा, गौरव,गरिमा अरोड़ा, वंदना महक शर्मा, सिमरन, सोनिया,रविंदर, डोली, निशु, शैलवी, सरबजीत स्वाति, कविता, सिमरन, गीता शर्मा, पल्लवी शर्मा, महक शर्मा, हिमांशी, सुनीता, गरिमा शल्जा, भावना, आयुषी, अनु, सोनी आदि अध्यापिकाएं मौजूद थे।



### प्राकृतिक रंगों से मनाएं होली : राम निवास

**कुरुक्षेत्र।** उदयन केयर सेंटर, कुरुक्षेत्र द्वारा होली के पावन अवसर पर हर्बल होली रंग बनाने के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला कन्वीनर डॉ सुषमा शर्मा, एवं सह-कन्वीनर डॉ राम निवास द्वारा स्पॉन्सर किया गया तथा उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. रामनिवास द्वारा सभी बच्चों एवं उदयन शालिनियों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए हुई। उन्होंने अपने संबोधन में प्राकृतिक व ऑर्गेनिक रंगों से होली खेलने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि रासायनिक रंग स्वास्थ्य एवं त्वचा के लिए हानिकारक हो सकते हैं। कार्यक्रम में प्रेम नाथ, कुरुक्षेत्र सेवा न्यास के प्रयासों से दो रिसोर्स पर्सन पिंकी एवं गीता को आमंत्रित किया गया। दोनों विशेषज्ञों ने शालिनियों, उदयन घर के बच्चों व आईटी सेंटर के विद्यार्थियों को फूलों की पंखुड़ियों, चुकंदर आदि प्राकृतिक सामग्रियों से हर्बल रंग तैयार करने की विधि चरणबद्ध तरीके से सिखाई गई।



### जयराम स्कूल में उत्साह से मनाया रंगोत्सव

*कुरुक्षेत्र। देश के विभिन्न राज्यों में संचालित श्रीजय राम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्रीजय राम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन श्रीब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी जी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में रंगों और हंसी खुशी का पर्व होली उत्साह पूर्वक मनाया गया। प्रात प्रार्थना सभा में हिंदी अध्यापिका श्रीमती रंजना शर्मा ने बच्चों को होली के महत्व से अवगत कराया। स्कूल प्राचार्या श्रीमती अंजू अग्रवाल और अध्यापिकाओं में रंगों से तिलक लगाकर और फूलों के साथ होली का पर्व मनाया। स्कूल प्राचार्या ने होली की बधाई देते हुए संदेश दिया कि होली के रंग हम सब में प्रेम और अपनत्व के रंग भरते हैं और हमारे आपसी संबंधों को मजबूत बनाते हैं। होलिका दहन के साथ ही हमें अपने अंदर पनप रही बुराइयों को भी नष्ट कर देना चाहिए। इस अवसर पर सभी स्कूल अध्यापिकाएं अंजली, मीनू, काजल, रजनी, रंजना, मोनिका मेहता, पूजा गुप्ता, सिमरन उपस्थित रही।*

### होली मैत्री भाव का महापर्व है : औलिया

*कुरुक्षेत्र। श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर ज्योतिष और वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया होली का त्यौहार 4 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। चैत्र कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि और बुधवार का दिन है। प्रतिपदा तिथि शाम 4 बजकर 49 मिनट तक रहेगी। प्रातः 8 बजकर 53 मिनट तक धृति योग रहेगा। प्रातः 7 बजकर 39 मिनट तक पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र रहेगा और उसके बाद उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र लग जाएगा। समर्थगुरू धाम मुरथल, हरियाणा के संस्थापक आदरणीय समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिया ने होली के बारे में बताया कि होली एक महोत्सव का त्यौहार है। महा उत्सव का अर्थ है- हम इतने आनंद में हैं कि अपने तक समेट नही सकते, उसको बाँटना चाहते है। हम इतने प्रेम में हैं कि प्रेम की सुगंध अपने तक सीमित नहीं रख सकते है। आनंद और प्रेम का जब उत्कर्ष होता है, तो उसका नाम उत्सव है। होली केवल उत्सव ही नही हमारी संस्कृति का भी उत्कर्ष है, हमारे भीतर आनंद का भी उत्कर्ष है, हमारे भीतर छिपे प्रेम का भी उत्कर्ष है, हमारे अहंकार के विसर्जन का भी उत्कर्ष है। होली मैत्री भाव को उत्कर्ष, पराकाष्ठा पर ले जाने का पर्व है।*





### होली के भजनों पर मंत्र मुग्ध हुए भक्त

*थानेसर। भगवान नरसिंह देव एवं सर्व देव शक्तियों के दिव्य मिलन की पावन स्मृति में धर्मभूमि कुरुक्षेत्र में भव्य हरिहर मिलन एवं होली मिलन उत्सव का आयोजन पर ब्रह्म सरोवर से ज्योतिसर तक एक यात्रा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व दत्तात्रेय आश्रम की साध्वी मोक्षिता के नेतृत्व में आयोजित की गई। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा ने बताया कि यह पावन उत्सव प्रेम, शांति और समरसता का संदेश लेकर आयोजित किया जा रहा है। यात्रा को प्रातः 10 बजे पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने झंडी देकर रवाना किया। ब्रह्मसरोवर से शिव जी को पालकी पर विराजमान कर भक्तों का विशाल जन समूह ज्योतिसर तीर्थ पर पहुंचा, जहां पर ज्योतिसर के सरपंच प्रवीण ने पूरे ज्योतिसर ग्राम के साथ भगवान शिव का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी भी होली के भजनों पर मंत्र मुग्ध होकर नाचने लगे।*

### होली एक का प्रेरणादायी पर्व : सचदेवा

*कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारीगण, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। अपने शुभकामना संदेश में कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का उल्लासपूर्ण और प्रेरणादायी पर्व है, जो हमारे जीवन में प्रेम, सौहार्द, भाईचारे तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। यह उत्सव हमें आपसी भेदभाव एवं वैमनस्य को त्यागकर एकता, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने आह्वान किया कि हम सभी ज्ञान, संस्कार और नैतिकता के रंगों से अपने जीवन को आलोकित करते हुए विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता, अनुशासन एवं प्रगति के पथ पर अग्रसर करने का संकल्प लें। सामूहिक प्रयासों से ही शैक्षणिक, सामाजिक और नैतिक दृष्टि से सशक्त समाज का निर्माण संभव है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अपने संदेश के अंत में कामना की कि होली का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और सफलता के नवीन रंग भर दे तथा विश्वविद्यालय परिवार सदैव प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे।*



# रस्मों में फैली सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के बारे किया विचार

- राष्ट्रीय गुर्जर धर्मशाला कुरुक्षेत्र में महापंचायत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय गुर्जर धर्मशाला कुरुक्षेत्र मे राष्ट्रीय गुर्जर धर्मशाला कुरुक्षेत्र व गुर्जर भवन कैथल के पदाधिकारियों व समाज के गणमान्य व्यक्तियों के आहवान पर समाज की एक महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत की अध्यक्षता गुर्जर धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान ऋषिपाल कसाना ने की। इस अवसर पर राव सुरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक कैथल लीलाराम गुर्जर, कैथल गुर्जर भवन के प्रधान सुरेश तंवर,पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, कैथल अशोक गुर्जर, कैथल जिला अध्यक्ष कांग्रेस रामचंद्र गुर्जर, अनिल तंवर, पूर्व प्रधान अजमेर सिंह, पूर्व प्रधान ज्ञान सिंह एडवोकेट, पूर्व प्रधान नरेश आर्य, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश राठी, पूर्व चेयरमैन राजपाल तंवर, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा मुनीष कठवाड़, वरिष्ठ जेजेपी नेता चंद्रभान दयोहरा एवं दोनों धर्मशालाओं की कार्यकारिणी, चैयरमेन, पूर्व चेयरमैन, सरपंच, पंच, जिला पार्षद,ब्लॉक समिति सदस्य व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसमें शादी विवाह मृत्यु उपरांत की जाने वाली रस्मों में फैली सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, बच्चों में नशे की लत को दूर करने, सोशल मीडिया पर गलत किस्म के कन्टेंट न डालने बारे व शिक्षा के प्रचार-प्रसार बारे विचार किया गया। इस पंचायत जिला कुरुक्षेत्र व कैथल के गुर्जर समाज के हजारों लोगों ने भाग लिया इसमें विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखें। बैठक में निर्णय लिया गया कि दहेज न लेने-देने वाले परिवारों को सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया जाए।


कुरुक्षेत्र। महापंचायत में मौजूद समाज के लोग।

### मतदाता सूचियों की रिविजन का शेड्यूल किया जारी

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा अधिसूचना के अनुसार ग्राम पंचायतों की हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 के नियम 163 के नियम 8 के तहत मतदाता सूचियों की रिविजन का प्रोग्राम जारी किया गया है। इस प्रोग्राम के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के साथ मिलान के लिए शेड्यूल जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के शेड्यूल के अनुसार विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नई पंचायतों की लिस्ट अनुसार ड्राफ्ट लिस्ट पर 9 मार्च को दावे व आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी। यह दावे व आपत्तियां जिला चुनाव अधिकारी के पास जमा करवानी होगी, 12 मार्च को दावे व आपत्तियों के निपटान का कार्य पूरा होगा, 16 मार्च को उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपील करने की अंतिम तारिख होगी। उन्होंने कहा कि 19 मार्च को अपीलेट अथॉरिटी द्वारा दावे व आपत्तियां का निपटान किया जाएगा, 27 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।



### विश्व मोटापा दिवसः गांव के मुकाबले शहरी लोग ज्यादा मोटापे से पीड़ित

**कुरुक्षेत्र।** देश में लगभग 13.5 करोड़ लोग मोटापे या अधिक वजन की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले शहरी क्षेत्र में मोटापा तेजी से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि 2050 तक 45 करोड़ से ज्यादा लोग मोटापा से ग्रस्त होंगे। आयुर्वेदिक औषधियों से मोटापा को कैसे नियंत्रण कर सकते हैं ? इसपर श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में शोध किया जा रहा है। आयुष विवि के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के कायचिकित्सा विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. नीलम ने बताया कि मोटापा केवल बाहरी स्वरूप से जुड़ी समस्या नहीं है, बल्कि यह कई गंभीर बीमारियों की जड़ बन सकता है। बढ़ता वजन हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह (डायबिटीज), फैटी लिवर, थायराइड असंतुलन, जोड़ों के दर्द और मानसिक तनाव जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। असंतुलित आहार, अनियमित दिनचर्या और व्यायाम की कमी मोटापे के प्रमुख कारण हैं। आयुर्वेदिक अस्पताल में काय चिकित्सा विभाग की ओपीडी में 30 से 40 फीसदी मरीज मोपाटा के ग्रस्त मिलते हैं। उन्होंने बताया कि आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर आधारित औषधि के माध्यम से वजन नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला ने बताया कि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में शुक्रवार 6 मार्च को विश्व मोटापा दिवस के उपलक्ष्य में काय चिकित्सा विभाग द्वारा ओपीडी नंबर-56 में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### एचएसईबी वर्कर्स यूनियन ने निकाला मशाल जुलूस

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन ने सर्कल सचिव कृष्ण चौहान की अध्यक्षता में विद्युत सदन सेक्टर 8 अधीक्षक अभियंता के कार्यालय समक्ष दो घंटे गेट मीटिंग करके विरोध प्रदर्शन किया। धरने का संचालन दिनेश कौशिक यूनिट सचिव ने किया। कर्मचारियों ने केंद्रीय परिषद के आह्वान पर विशाल मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान सोमेवार देर शाम को बिजली विभाग की यूनियन के सभी कर्मचारी विभाग के कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए। जो बाजार से होते हुए जुलूस की शक्ल में गुजरे। कर्मचारियों ने अपने हक की आवाज बुलंद करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रधान कृष्ण चौहान ने बताया कि .कर्मचारी लगातार ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध कर रहे हैं। लेकिन सरकार दमनकारी नीति पर उतरी हुई है। इस मौके पर रविंद्र सैनी, कीर्ति खोसला, कुलदीप सिंह, मोहन लाल, सतीश, राहुल, दिलबाग, बलिंद्रर, श्याम लाल, अमन, रणबीर सिंह, विशाल, सुखविंद्र, जसवंत, अमरीक, देवीदयाल, रोशन लाल, राजेंद्र, सुच्चा सिंह, सुरेंद्र, नरेंद्र, कुलवंत, स्वाति, निशा, पूजा, सरिता, रीतिका सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।




### राधा प्रेम है, कृष्ण आनंद, जहां प्रेम होगा, वहीं आनंद होगा : ज्ञानानंद

**कुरुक्षेत्र।** श्री कृष्ण कृपा गौशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में आर्शीवचन देते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा जीवन में वास्तिवक सरसता लाती है। यह कथा परमात्मा के रस का भंडार है। गोपी वह वृत्ति है, जिससे कृष्ण को मिलने की चाह पैदा होती है, गोपी रुदन में भी कृष्ण से मिलने की लालसा है। जीव मात्र में कृष्ण से मिलने की लालसा होती है। हमारा सनातन, अध्यात्म कोरा ज्ञान व अंधविश्वास नहीं, बल्कि वास्तविक विज्ञान है। जीवन में सभी जीव सुख-शांति चाहते है, सत्संग सुमिति देता है। गीता मनीषी ने कहा कि भागवत कथा दिव्यता भाव की कथा है। उन्होंने कहा कि राधा प्रेम है और कृष्ण आनंद है। जहां प्रेम होगा वहीं आनंद होगा। त्यौहार हमारी सनातन परंपरा का गौरव है। पंरपराएं सुरक्षित रहे, इसलिए त्यौहार की दिव्यता बनाई रखनी चाहिए। आज त्योहारों में वृत्तियां आ गई है, जिन्हें दूर करने की जरूरत है। व्यासपीठ से भागवत कथा के समापन दिवस पर वृंदावन धाम से आए गोविंद मोद्गिल शास्त्री ने अत्यंत भावपूर्ण रस से भागवत कथा वर्णन किया। भागवत कथा का शुभारंभ यजमान के रूप में आए सैन समाज के प्रधान काला सिंह, जय श्रीश्याम गौशाला अभिमन्यु पुर के प्रधान महावीर सिंगला, जसवंत सैनी पूर्व सरपंच झिंझरपुर, मथुरा से आए गोविंद वल्लभ ने दीप प्रज्वलित करके किया।



कार्यक्रम

## भारतीय योग संस्थान का प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

# आपसी भाईचारे व प्यार का त्योहार है होली : देसराज

- पूरे हरियाणा प्रांत से 450 से अधिक साधकों ने शिविर में की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय योग संस्थान, रोहिणी, दिल्ली के तत्वावधान में संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के योग साधना केंद्र प्रमुखों, योग शिक्षकों, सह-शिक्षकों एवं कार्यकतार्ओं के लिए आयोजित प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर देर शाम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रातः कालीन योगाभ्यास सत्र में डॉ रणधीर सिंह व ओम प्रकाश बाजवा के भजनों के पश्चात देवी दयाल सैनी, सुभाष सुथार, रोशनी हुड्डा, नरेश शर्मा, हवा सिंह सेन, वीरेंद्र कुमार, सुमन तोमर, ईशवंती, जगबीर लोहचब, सीमा सांगवान, मुकेश गोयल, डॉ विनोद गुप्ता, माननीय ललित गुप्ता एवं माननीय देस राज जी इत्यादि ने निषेध, सही विधि, प्रभाव एवं लाभ बताकर शिविर प्रतिभागियों को सूक्ष्म क्रियाओं, योगासनों, प्राणायाम एवं अन्य योगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया।



कुरुक्षेत्र। शिविर प्रतिभागियों संग फूलों की होली खेलते भारतीय योग संस्थान के केंद्रीय एवं प्रांतीय अधिकारीगण।

### प्यार एवं उल्लास के साथ मनाना चाहिए त्योहार

मंच संचालन विनोद कुमार नरवाना ने किया। द्वितीय सत्र में अमित महाजन व संतोष पराशर के भजनों के पश्चात संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान देस राज, अखिल भारतीय महामंत्री माननीय ललित गुप्ता, प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश, संरक्षक राजकिशन सैनी, मंत्री रामपाल गोयल, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा इत्यादि ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। मंच संचालन रतन सैनी ने किया। प्रांतीय संगठन मंत्री एवं प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि तृतीय सत्र के प्रारंभ में नीतू पिलानी बरवाला व साथियों ने भजन प्रस्तुत किया। देस राज ने चित्त के बाधक एवं साधक तत्व तथा निष्काम कर्म और संगठन पक्ष पर विचार रखे। प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं शिविर प्रतिभागियों सहित उन सभी का धन्यवाद किया जिन्होंने इस शिविर के आयोजन में किसी भी प्रकार का योगदान दिया है। होली के शुभ अवसर पर साधकों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय प्रधान देस राज ने कहा कि होली सब के प्रति सद्भाव, आपसी भाईचारे व प्यार के प्रतीक का त्यौहार है। इसमें कहीं भी दुर्भावना, ईर्ष्या, द्वेष अथवा जबरदस्ती का स्थान नहीं है। हमें यह त्योहार बड़े प्यार एवं उल्लास के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने शिविर प्रतिभागियों संग पूरे उल्लास और मस्ती के साथ फूलों की होली खेली। मुकेश गोयल व टीम द्वारा करवाए गए शांति पाठ के साथ शिविर भलीभांति संपन्न हो गया। तृतीय सत्र का मंच संचालन सुरेश जांगड़ा ने किया।

**पासकर्ता ग्राम पंचायत बीड़-सौन्टी**
**खण्ड लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा) मो. 9996243090**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे गांव बीड़ सौन्टी में गुरूद्वारा साहिब में एस.सी. चौपाल व बी.सी. चौपाल में कण्डम बिल्डिंग की खुली बोली आयोजित की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति बोली में भाग ले सकते हैं, बोलीदाता को रु. 20,000/- बतौर सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। बोली से सम्बन्धित सभी नियम एवं शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी।

हस्ता/- सरपंच, ग्राम पंचायत बीड़-सौन्टी,
खण्ड लाडवा (कुरूक्षेत्र) मो. 9996243090

## खबर संक्षेप

### सोनू हत्याकांड में चौथा नामजद आरोपी काबू

**अंबाला।** सिया वाटिका में चल रही रिसेप्शन पार्टी के दौरान सोनू की चाकू से गोदकर हत्या मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की पहचान कसेरला कलां के प्रवीण कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया है कि प्रवीण पहले लेंटर उठाने का काम करता था। कुछ समय पहले ही रेलवे स्टेशन परिसर में चल रही पार्किंग में काम कर रहा था। जांच अधिकारी चांदी राम ने बताया कि आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की जानी है। साथ ही अन्य आरोपियों को लेकर भी पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

### नशीली दवा तस्करी के दोषी में चार साल की सजा

**अंबाला।** एनडीपीएस की स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट ने प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल रखने के जुर्म में कुलदीप कुमार उर्फ चिंटू को 4 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की अदायगी न होने पर अतिरिक्त सजा का प्रावधान रखा गया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार बंसल की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। दोषी से बरामद किए गए 42 पत्तों में से केवल एक पत्ता (24 कैप्सूल) ही जांच के लिए मधुबन स्थित लैब भेजा गया था।

### तिलक लगाकर मनाएं होली का पर्वः उपायुक्त

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिलावासियों को होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है, इसलिए इसको उत्साह व उमंग के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने जिला के नागरिकों को समाज में भाईचारे-सौहार्द व रंगों के त्यौहार होली पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है और नागरिक होली को रंगों के तिलक के साथ मनाएं।

### होली केवल रंगों का त्योहार नहीं सद्भाव का भी प्रतीक

**अंबाला।** भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि देवीदयाल शर्मा (डीडी) ने होली के त्योहार की हार्दिक बधाई देते हुए संवेदनशील, संयमित और जिम्मेदार आचरण अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है बल्कि यह सामाजिक समरसता, भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है। ऐसे पावन पर्व पर यह सुनिश्चित करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि हमारे उत्सव का उल्लास किसी भी जीव-जंतु के लिए पीड़ा या कष्ट का कारण न बने।

### चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घर में सेंधमारी कर सोना-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सौरभ भगत उर्फ रोहित उर्फ दाना व विनीत राज उर्फ साहिल के तौर पर हुई है। चौकी प्रभारी तोपखाना शमशेर सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता सुनील ने 1 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, जब उनका परिवार किसी काम से बाहर हुआ था तब चोरों ने ताला तोड़कर अलमारी से जेवरात व नकदी साफ कर दी थी।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार


**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज दुकान को तोड़फोड़ कर चोरी करने व मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरमीत सिंह को गिरफ्तार किया है। सेक्टर 9 के ईशान ने 30 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी दिलबाग सिंह व तरनबीर सिंह ने पटेल नगर अम्बाला शहर स्थित उसकी दुकान को तोड़फोड़ कर चोरी करने व मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

## स्वीकृति मिलने पर मंत्री अनिल विज ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का जताया आभार

# रेललाइन निर्माण के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे को मिली स्वीकृति

- नई रेल लाइन के शुरू होने से सुविधाजनक यात्रा के साथ रोड पर ट्रैफिक का दबाव भी घटेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। रेलव लाइन का नक्शा। फोटो : हरिभूमि

अंबाला-चंडीगढ़ रेलमार्ग पर सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए होली पर एक बड़ी खुशखबरी है। इस रेलमार्ग पर तीसरी और चौथी रेल लाइन निर्माण के लिए रेलवे ने "फाइनल लोकेशन सर्वे" (एफएलएस) को हरी झंडी दे दी है। नई लाइन बिछाने के लिए अब जल्द सर्वे का कार्य प्रारंभ होगा। इस स्वीकृति के लिए मंत्री अनिल विज ने केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद जताते हुए बताया कि उन्हें पत्र के माध्यम से रेल मंत्री द्वारा फाइनल लोकेशन सर्वे स्वीकृत मिलने की जानकारी मिली है जोकि लाखों यात्रियों के लिए बड़ी राहत वाली बात है। गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अंबाला-चंडीगढ़ के मध्य बढ़ती यात्री संख्या के मद्देनजर रेलमंत्री के समक्ष इस मांग को उठाया था जिसके बाद रेलमंत्री द्वारा इस मामले में सकारात्मक कार्रवाई करते हुए अंबाला-चंडीगढ़ के मध्य तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण हेतु "फाइनल लोकेशन सर्वे" की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

सर्वे के उपरांत आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अंबाला छावनी से चंडीगढ़ मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में कर्मचारी वर्ग, विद्यार्थी, व्यापारी एवं श्रमिक आवागमन करते हैं। वर्तमान में बस सेवाओं और निजी वाहनों पर निर्भरता अधिक है, इससे समय और खर्च दोनों बढ़ जाते हैं। इस नई रेल लाइन के शुरू होने से न केवल यात्रियों को किफायती, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुविधा मिलेगी, बल्कि सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव भी घटेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि तीसरी और चौथी रेल लाइन का सर्वे जल्द पूरा होगा। अंबाला-चंडीगढ़ रेलमार्ग पर तीसरी और चौथी रेल लाइन की सख्त आवश्यकता है क्योंकि इस समय दो रेललाइन ही इस व्यस्तम रेलमार्ग पर है। रेलमार्ग से हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व चंडीगढ़ के लाखों यात्री प्रतिदिन सफर करते हैं जिस कारण इस रेलमार्ग पर परिचालित ट्रेनों में यात्रियों का दबाव बढ़ जाता है। इसके अलावा अम्बाला छावनी प्रमुख सैन्य और औद्योगिक केंद्र है जबकि राज्य की राजधानी चंडीगढ़ के मध्य प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। इस दोनों शहरों के मध्य कनेक्टिविटी बेहतर होने से क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और लोगों का जीवन आसान होगा।

### *अंबाला से चंडीमंदिर, कालका-शिमला का सफर होगा आसान : मंत्री अनिल विज*

*मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला से चंडीमंदिर, कालका-शिमला का सफर अब पहले से आसान होगा। डेराबस्सी से जीरकपुर बाईपास की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए 10 किलोमीटर लंबा एलीवेटिड (जमीन से ऊंचा) रोड बनाया जाएगा ताकि अंबाला से आने वाले वाहनों को सीधा बिना रूके जिरकपुर बाईपास पर जोड़ा सके। जिरकपुर बाईपास से वह सीधे चंडीमंदिर, कालका व शिमला के लिए जा सके। यह 10 किलोमीटर लंबा नया एलीवेटिड रोड निर्माणाधीन अंबाला-मोहाली हाईवे से शुरू होकर सीधा जिरकपुर बाईपास पर मिलेगा जिसपर लगभग 1464 करोड़ की लागत लगेगी। इस नई सड़क के बनने से वाहन चालकों के समय की बचत होगी। यह रोड डेराबस्सी के रज्जो माजरा से शुरू होकर जिरकपुर बाईपास पर जोड़ी जाएगी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस प्रोजेक्ट को लेकर उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सिफारिश की थी। अब इसपर काम होने पर उन्होंने मंत्री नितिन गडकरी का भी आभार जताया है।*



# युवाओं को सकारात्मक दिशा देती है खेल स्पर्धाएं : गोयल

- जैतपुरा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गांव जैतपुरा में आयोजित भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके आगमन पर ग्रामीणों, युवाओं और खेल प्रेमियों ने फूल-मालाओं और जोरदार नारों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरे मैदान में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर असीम गोयल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, उनसे बातचीत की और मैदान में जाकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर आयोजित ऐसे खेल आयोजन प्रतिभाओं को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम होते हैं। गांवों में खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं और उन्हें अनुशासन, टीमवर्क व नेतृत्व जैसे गुण सिखाती हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का साधन नहीं बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास का भी आधार है। खेल युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखते हैं और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि युवा यदि खेलों में आगे बढ़ेगा तो न केवल गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करेगा बल्कि प्रदेश और देश का भी गौरव बढ़ाएगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने खेल मैदान में बुनियादी सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया। विशेष रूप से मैदान में शेड और चारदीवारी निर्माण की मांग रखी गई। इस पर असीम गोयल ने आश्वासन दिया कि इन मांगों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करवाया जाएगा।

# ऐतिहासिक होगा अग्रवाल वैश्य समाज का प्रदेशस्तरीय अधिवेशन, सभी तैयारियां पूरी

- वृंदावन में पहुंचने वाले अतिथियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या का सामना न करना पड़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा का आगामी 7 मार्च को वृंदावन में आयोजित होने वाला प्रदेशस्तरीय अधिवेशन ऐतिहासिक होने जा रहा है। समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विनोद सिंगला ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाभूमि वृंदावन के दिल्ली श्रीधाम रुक्मणी विहार में आयोजित होने वाले इस अधिवेशन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में प्रदेशभर की नब्बे विधानसभाओं से समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने अपना पंजीकरण सुनिश्चित करवाया है। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में पहुंचने वाले सभी वैश्यजनों के लिए आवास एवं भोजन जैसी सभी आवश्यक जरूरतों को पूरा कर लिया गया है और ये सुनिश्चित किया गया है कि वृंदावन में पहुंचने वाले सभी अतिथियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या का सामना न करना पड़ें। उन्होंने बताया कि आयोजन की सफलता के लिए भी सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि अधिवेशन के पश्चात प्रतिभागियों को वृंदावन धाम के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन भी करवाए जाएंगे, जिससे सामाजिक विमर्श के साथ-साथ आध्यात्मिक अनुभूति का भी अवसर प्राप्त होगा। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष तायल ने बताया कि अधिवेशन के पश्चात रंग रस एवं होली मिलन समारोह भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस समारोह में श्री रामकृष्ण इंटरनेशनल के अध्यक्ष स्वामी गुरू पूज्य महेंद्र दास महाराज बतौर मुख्यातिथि अपना पावन सान्निध्य प्रदान करेंगे। इससे पूर्व अधिवेशन में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल, उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग, राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता, बनारसी दास गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय गुप्ता, भाजपा नेता पंकज जैन, युवा नेता एवं समाजसेवी नवीन गोयल, उद्योगपति एवं समाजसेवी वासूदेव गर्ग, राष्ट्रीय नवचेतना मंच के अध्यक्ष विजय सोमाणी बतौर अतिथि अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे।

# नि :शुल्क शिविर में 310 बच्चों के दांतों की चिकित्सकों ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

रोटरी क्लब द्वारा जीबीएस स्कूल व कैंब्रिज मोंटसरी प्री स्कूल में निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्कूली बच्चों में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रारंभिक स्तर पर दांतों से जुड़ी समस्याओं की पहचान करना था। शिविर का आयोजन एमएम कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च मुलाना के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के सहयोग से किया गया।शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने कुल 310 बच्चों के दांतों की जांच की। जांच के दौरान बच्चों को दांतों की सही देखभाल, नियमित ब्रश करने की विधि, खान-पान संबंधी सावधानियों तथा दंत रोगों से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। डॉक्टरों ने बच्चों को मीठे पदार्थों के अधिक सेवन से होने वाले नुकसान और नियमित दंत परीक्षण के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष हरपाल सिंह, उपाध्यक्ष बलकार सिंह, दिलप्रीत सिंह, सदस्य साहिल वर्मा, पूर्ण छाबड़ा, गुणविंदर सिंह तथा साहिल शर्मा उपस्थित रहे। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि बच्चों को समय रहते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाया जा सके।



बराड़ा। कैंप में बच्चों के दांतों की जांच करते डॉक्टर।

# मिड-डे मील को लेकर आ रही दिक्कतें से मौलिक शिक्षा अधिकारी को करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने जेबीटी अध्यापकों को शिक्षण कार्य में आ रही समस्याओं को लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति सभरवाल से मुलाकात की। इस प्रतिनिधि मंडल में जिला महासचिव प्रकाश चंद्र, जिला प्रवक्ता कृष्ण पूनिया, नरमेल सिंह, सतीश राणा, जुगबीर बूरा, विनय रोहिल्ला, ती मंजुला, नीलम छाबड़ा, रजनी शर्मा, सुमन, निधि गुप्ता, जसविंदर सिंह, मनीष अली, सूरज प्रकाश और अन्य अध्यापक गण मौजूद रहे। प्रतिनिधि मंडल ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को मिड डे मील से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया। इसमें अगस्त 2025 से लेकर अब तक कार्यालय द्वारा कुकिंग कॉस्ट का न डाला जाना, कुकिंग कास्ट के रेशो के हिसाब से पैसे और मार्केट रेट के डिफरेंस की वजह से मिड डे मील को व्यवहारिक और रेसिपी के अनुसार बनाने में आ रही बाधा, और मार्च महीने का कार्यालय से दिया जाने वाला कुकिंग का सामान जैसे चना, राजमा, बेसन, चावल, मसाले इत्यादि अभी तक विद्यालय में न पहुंचने के कारण मिड डे मील कार्य प्रभावित होने की जानकारी से भी अवगत करवाया। जिला महासचिव प्रकाश चंद्र ने बताया कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने इन मांगों को लेकर तुरंत महानिदेशक मौलिक के नाम पत्र लिखने और इन समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया।



अंबाला। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक।

### ठेका प्रथा के खिलाफ कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**अंबाला।** नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर मंगलवार को नगर निगम सफाई कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। सफाई कर्मचारी नगर निगम परिसर में एकत्रित हुए थे। यह प्रदर्शन सरकार की वादाखिलाफी और ठेका प्रथा के विरोध में रहा। सफाई कर्मचारियों के होली से एक दिन पहले प्रदर्शन से कई स्थानों पर कचरा बिखरा पड़ा दिखाई दिया। इसके साथ ही लोगों के घरों से भी कर्मचारियों ने कचरा नहीं उठाया। अब लोगों के सामने त्योहार पर सफाई कर्मचारियों को लेकर एक नई समस्या खड़ी हो गई। सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान शंकर ने चेतावनी दी है कि ठेका प्रथा बंद नहीं की तो जिलाभर के सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। ठेका गलत तरीके से दिया प्रधान शंकर कुमार पामा ने बताया कि पिछले दिनों नगर निगम प्रशासन ने सफाई का ठेका गुपचुप तरीके से दिया है। यह ठेका गलत तरीके से दिया गया है। सिटी में पालिका रोड पर पक्के और कच्चे कर्मचारी लगे हैं, उनको शहर से निकालकर अन्य पांच वार्डों में शिफ्ट करेंगे। वहीं ठेकेदार बिना अनुभव वाले कर्मचारियों को काम पर लगाएगा। वह मनमर्जी का वेतन देगा। इस मामले में शहर के किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस मामले पर कोई कार्यवाही नहीं की है।

### महापंचायत में लिए फैसलों को सख्ती से लागू करेगा गुर्जर समाज

**मुलाना।** कुरुक्षेत्र की गुर्जर धर्मशाला में आयोजित महापंचायत में समाज में फैल रही बुराइयों को जड़ से खत्म करने के लिए व्यापक निर्णय लिए गए। महापंचायत में लिए गए निर्णयों का स्वागत करते हुए युवा नेता गुर्जर समाज मनीष चौधरी ने कहा कि महापंचायत में लिए गए फैसले स्वागत योग्य है। नशाखोरी, फिजूलखर्ची, आपसी वैमनस्य, शिक्षा के प्रति उदासीनता और सामाजिक कुरीतियां समाज की प्रगति में बाधा बन रही हैं। चौधरी युवा नेता गुर्जर समाज ने महापंचायत निर्णयों को सराहनीय बताते हुए कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि सभी गांव मिलकर एकजुटता से काम करें तो समाज में व्याप्त बुराइयों को शीघ्र समाप्त किया जा सकता है।



### पाक नागरिकों ने की होटल की निशानदेही, फर्जी आईडी पर बनाया था ठिकाना

**अंबाला।** जम्मू के आरएस पुरा के बाल सुधार गृह से फरार होने वाले पाकिस्तानी बंदी अहसान अनवर व मोहम्मद सनाउल्लाह से बीते रोज निशानदेही करवाई गई। कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें अंबाला लाया गया था। दोनों आरोपियों को पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां कैंट के लालकुर्ती स्थित एक होटल में लेकर पहुंची थी। यहां आरोपी फर्जी आईडी देकर ठहरे थे। इस कार्रवाई के दौरान स्थानीय पुलिस के साथ-साथ एसटीएफ की टीमें भी मौजूद रहीं। होटल के रजिस्टर, सीसीटीवी फुटेज और आईडी प्रूफ से संबंधित दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया। बता दें कि अंबाला एसटीएफ की टीम ने बाल सुधार गृह से फरार हुए दोनों पाकिस्तानी नागरिकों को 17 फरवरी को ही अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन से काबू किया था। पाकिस्तान के मुजफ्फरगढ़ के एहसान अनवर (21) व नानका साहिब के मोहम्मद सनाउल्लाह (20) किसी ट्रेन के जरिए ठिकाना बदलने की फिराक में थे। पकड़े जाने के बाद आरोपियों ने बताया था कि वह लालकुर्ती के एक निजी होटल में फर्जी आईडी से ठहरे थे। इस मामले में नामजद एक आरोपी कर्मजीत सिंह उर्फ गुग्गा की अभी तलाश चल रही है। पूछताछ के दौरान आरोपियों के जरिए चौथे आरोपी ठाकुर का नाम सामने आया था। ठाकुर ने ही आरोपियों की भागने में मदद की थी। वह भी अभी फरार चल रहा है।

## फिलाडेल्फिया अस्पताल में स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा लैंप लाइटिंग समारोह आयोजित

# नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए आध्यात्मिक और मानवीय प्रतिबद्धता का क्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। समारोह में मौजूद जीएनएम की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

करुणा, विश्वास और समर्पण की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए फिलाडेल्फिया अस्पताल के स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा जीएनएम2025–2028 बैच के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायक लैंप लाइटिंग समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि सेवा-जीवन में प्रवेश करने वाले नवप्रवेशी नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए एक आध्यात्मिक और मानवीय प्रतिबद्धता का क्षण था। कार्यक्रम का शुभारंभ रेव. एडिनो अब्राहम की उद्घाटन प्रार्थना से हुआ जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों के जीवन में ईश्वर के मार्गदर्शन और करुणा की प्रार्थना की । अस्पताल क्वायर द्वारा प्रस्तुत विशेष गीत ने पूरे वातावरण को श्रद्धा और शांति से भर दिया ।निदेशक डॉ. एस. सादिक द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया । इसके पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया — यह दीप केवल एक लौ नहीं, बल्कि सेवा, त्याग और निस्वार्थ प्रेम की ज्योति का प्रतीक था । स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या एवलिन मलिक ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट में संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासन, क्लीनिकल प्रशिक्षण की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की सर्वांगीण प्रगति पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि नर्सिंग शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं, बल्कि यह चरित्र निर्माण और सेवा-भाव की निरंतर प्रक्रिया है। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्टता, सहानुभूति और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जब विद्यार्थियों के हाथों में दीप सौंपे गए। गिव मी ऑयल गीत की स्वर-लहरियां गूंजीं तो पूरा सभागार एक भावनात्मक एकता में बंध गया । उप-प्राचार्या सुखविंदर कौर के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने नाइटिंगेल प्रतिज्ञा ली — एक ऐसी प्रतिज्ञा जो उन्हें हर परिस्थिति में रोगियों की सेवा, संवेदना और नैतिकता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करती है ।समारोह में मुख्यअतिथि के तौर पर लुधियाना सीएमसी से संगीता निकोल्स ने नर्सिंग विषय पर अपने प्रेरणादायक विचार सांझा करते हुए कहा कि एक नर्स केवल उपचार नहीं करती बल्कि वह आशा और साहस का संचार करती है ।

### *नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं बल्कि एक बुलाहट है : डॉ. सुनील सादिक*

शकुंतला मैथ्यूज़ ने भी विद्यार्थियों को दृढ़ता और विश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया । निदेशक एवं मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया । अंत में डॉ. सुनील सादिक ने आशीर्वचन देते हुए विद्यार्थियों को याद दिलाया कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं बल्कि एक बुलाहट है । उन्होंने यह भी बताया कि मौजूदा समय समय में चिकित्सा क्षेत्र चुनौतियों से भरा है परंतु जो नर्स धैर्य, प्रार्थना और ईमानदारी के साथ कार्य करती है वह हर कठिन परिस्थिति में आशा की किरण बन जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समयपालन, रोगियों के प्रति सम्मान और टीम वर्क की भावना को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। उन्होंने यह भी सांझा किया कि फिलाडेल्फिया अस्पताल की पहचान केवल चिकित्सा सेवा से नहीं, बल्कि करुणामय देखभाल से है। यह संस्थान आपको केवल प्रशिक्षित नर्स नहीं बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार मानव बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशासनिक अधिकारी अमित कपूर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम का समापन राइट रेव. रणदीप मैथ्यूज़ की समापन प्रार्थना और आशीर्वाद के साथ हुआ । इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । यह समारोह न केवल एक बैच की शुरुआत था, बल्कि यह उस मानवीय सेवा-परंपरा की पुनः पुष्टि भी थी जिसके लिए अस्पताल वर्षों से समाज में विश्वास और करुणा का केंद्र बना हुआ है।

### हेरोइन सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र से आरोपी को नशीला पदार्थ हेरोइन सहित काबू किया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 45 ग्राम पदार्थ हैरोइन बरामद की गई। सीआईए-1 स्टाफ ने गश्त के दौरान आरोपी को काबू कर तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 45 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की। पुलिस मामले में गहन जांच कर रही है। आरोपी के खिलाफ थाना महेशनगर में एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान तुषार वासी दयाल बाग के रूप में हुई है।अब पुलिस आरोपी को रिमांड पर ले रही है।

### रंग लगाकर मनाया होली का त्योहार

**अंबाला।** अंबाला शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल के किंडरगार्टन विंग में मंगलवार को होली का पावन पर्व बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंगों की छटा, बच्चों की खिलखिलाहट और उत्सव की उमंग से गूंज उठा। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने "पॉप द बैलून इन वाइब्रेंट कलर्स" जैसी रोचक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल-खेल में अपनी सृजनात्मकता को अभिव्यक्त किया। सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर खुशी और आपसी प्रेम का संदेश दिया।